खबर संक्षेप

## पीआरपीएस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**मानपुर।** नगर के पंडित रामपाल पब्लिक स्कूल (पीआरपीएस) में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत भव्य और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीरा द्विवेदी ने सर्वप्रथम राष्ट्र के अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र पर धूप, दीप एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद सैकड़ों अभिभावकों, विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति में तिरंगे का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति की लहर जगाते हुए रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य, एकल नृत्य और भाषणों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं उनके साथियों के बलिदान पर आधारित प्रस्तुति ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सभी लोगों की आँखें नम कर दीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप द्विवेदी ने कहा कि आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही देश की असली ताकत हैं और उन्हें राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। श्री द्विवेदी ने यह भी कहा कि भारत नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपना योगदान देना चाहिए।

## स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता नहीं, बड़ी जिम्मेदारी है: शमीम



**धनपुरी।** स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता नहीं बल्कि अपने अधिकारों के उपयोग के साथ ही कर्तव्यों के पालन का उत्तरदायित्व निभाना भी है। सिर्फ तिरंगा फहराने से आजादी को अक्षुण्य नहीं बनाये रखा जा सकता बल्कि एक अच्छे नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारी हम सबको निभानी होगी तभी स्वतंत्रता सार्थक होगी। नगर पत्रकार परिषद धनपुरी के अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान ने स्वाधीनता दिवस पर ध्वजारो में करते हुए यह बात कही है।नगर पत्रकार परिषद धनपुरी ने 79वां स्वतंत्रता दिवस अमरकंटक रोड स्थित वार्ड क्रमांक 22 के प्रेस कार्यालय में गरिमा और उत्साह के साथ मनाया। प्रातः 9:15 बजे अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगीत के सामूहिक वादन के साथ वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी सिर्फ इतिहास की घटना नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए जिम्मेदारी है। वहीं, राजू अग्रवाल और मोहम्मद शफीक ने कहा कि पत्रकार का असली दायित्व नगर के हर वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ अखबारों के माध्यम से शासन और जनता तक निर्भीकता से पहुंचाना है। यही पत्रकार की सच्ची पहचान है।अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान ने अपने 40 वर्षों के पत्रकारिता अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कोयलांचल क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को बेबाकी से उठाया है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद शमीम खान, राजू अग्रवाल, डॉ. विजय सिंह, एस.पी. सिंह, मोहम्मद शफीक, नौशेरमा खान, मोहम्मद साबिर, अनिल जायसवाल, तिलक राज सोनी, विश्वकर्मा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस-प्रशासन पर सवालः भ्रष्टाचार पर सिर्फ खानापूर्ति

# करोड़ों के गबन के आरोपी को संरक्षण

**शहडोल।** मध्यप्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन की शुरुआत की थी। इस व्यवस्था का उद्देश्य था कि आम आदमी की आवाज सीधे शासन तक पहुंचे और शिकायतों का समयबद्ध निपटारा हो, लेकिन हकीकत यह है कि यह व्यवस्था भी भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ताजा मामला जिले के बुढ़ार विकासखंड का है, जहां तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा पर एक करोड़ एक लाख बहत्तर हजार से अधिक की शासकीय राशि गबन करने का गंभीर आरोप है। यह मामला नया नहीं है। 2021 में ही बुढ़ार थाने में दर्ज हुआ, जिसमें अशोक शर्मा पर धारा 420, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत मुकदमा कायम हुआ। आरोपी ने राहत पाने के लिए हाईकोर्ट जबलपुर में याचिका दायर कराई, जिसके आधार पर 28 अप्रैल 2022 को एफआईआर निरस्त कर दी गई। लेकिन मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और 12 फरवरी 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट का आदेश निरस्त करते हुए पुनः विवेचना और चालान पेश करने का निर्देश दिया। यानी न्यायालय का संदेश साफ था कि आरोपी पर गंभीर आरोप हैं और कानून की प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। परंतु विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश आए पांच माह से ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन आज तक आरोपी के खिलाफ चालान पेश नहीं किया गया। पुलिस और जिला प्रशासन की यह चुप्पी और देरी संदेह को जन्म देती है कि कहीं आरोपी को राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण तो नहीं मिल रहा?

### दस्तावेजों के बहाने लटक रही जांच

पुलिस का तर्क है कि मूल दस्तावेज शिक्षा विभाग से उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शहडोल और संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग शहडोल को नोटिस देकर दस्तावेज मांगे गए, लेकिन आज तक वे प्रस्तुत नहीं हुए। विवेचक खुद दो बार संबंधित कार्यालय जाकर दस्तावेज मांग लाए, मगर परिणाम वही — शून्य। सवाल यह है कि जब दस्तावेज देने में ही विभाग टालमटोल कर रहा है, तो क्या यह आरोपी को बचाने का सुनियोजित प्रयास नहीं है?

### हेल्पलाइन की औपचारिकता

शिकायतकर्ता अधिवक्ता प्रदीप सिंह ने 25 जुलाई 2025 को सीएम हेल्पलाइन (शिकायत क्रमांक




33538308) पर शिकायत दर्ज कराई। बार-बार उन्होंने असंतोष जताया कि कार्रवाई नहीं हो रही। हेल्पलाइन का सिस्टम भी केवल शिकायत उच्च अधिकारी को प्रेषित की गई, निराकरण जारी है, दस्तावेज आने पर चालान प्रस्तुत किया जाएगा जैसे रटे-रटाए जवाब दे रहा है। यानी जनता के लिए बनी हेल्पलाइन अब महज खानापूर्ति का जरिया बन गई है, जहां जवाब तो मिलते हैं लेकिन समाधान नहीं।

### आरोपी के दुस्साहस पर भी चुप्पी

मामला यहीं तक सीमित नहीं है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार शर्मा वर्तमान में शहडोल शहर में शहंशाह आश्रम के नाम पर बने एक सरकारी भवन पर कब्जा करके रह रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस पर भी न तो प्रशासन ने कोई संज्ञान लिया और न ही कार्यवाही की। सरकारी भवन पर कब्जा जमाकर रहना और दूसरी ओर करोड़ों का गबन करने का आरोपी होना—फिर भी प्रशासन की चुप्पी बहुत कुछ कहती है। इतना ही नहीं, उसके कार्यकाल के दौरान शिक्षा विभाग में दर्जनों और भ्रष्टाचार के मामले सामने आए। शिकायतें भी हुईं, जांचें भी हुईं, लेकिन हर बार नतीजा वही कार्यवाही जारी है। आज तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। यह तस्वीर बताती है कि भ्रष्ट अधिकारी किस तरह तंत्र को चकमा देकर बच निकलते हैं और ऊपर से संरक्षण पाकर खुलेआम अपनी पकड़ मजबूत करते जाते हैं।

### पुलिस-प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

पूरा घटनाक्रम पुलिस विभाग और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जब सुप्रीम कोर्ट तक आदेश दे चुका है, तब भी यदि चालान पेश नहीं हो रहा, तो यह खुला प्रमाण है कि कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति ही नहीं है। भ्रष्टाचार पर शून्य सहिष्णुता का दावा करने वाली सरकार की छवि पर भी ऐसे मामले गहरा दाग छोड़ते हैं। जनता में अब यह धारणा बन चुकी है कि सीएम हेल्पलाइन हो या अन्य तंत्र, सब केवल कागजी कार्रवाई और आंकड़ेबाजी तक सीमित हैं। शिकायतों का निपटारा कागजों पर होता है, जबकि भ्रष्टाचार के आरोपी मौज में रहते हैं।

### जनता के मन में सवाल

अब जनता पूछ रही है कि क्या करोड़ों की राशि का गबन मामूली अपराध है, जिस पर इतने सालों से कार्रवाई लंबित है? क्या हेल्पलाइन और न्यायालय के आदेश भी सिर्फ दिखावा हैं, जिनका पालन करना प्रशासन अपनी मर्जी से करता है? क्या भ्रष्ट अधिकारियों को खुला संरक्षण देकर पुलिस-प्रशासन ईमानदार जनता की उम्मीदों से खिलवाड़ नहीं कर रहा? यह मामला केवल एक अधिकारी का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की कार्यशैली पर सवाल है। यदि आरोपी पर सख्त कार्यवाही नहीं हुई और उसे कानून के कटघरे में नहीं खड़ा किया गया, तो यह संदेश जाएगा कि भ्रष्टाचार करने वाले सुरक्षित हैं और सिस्टम उन्हें बचाने के लिए हमेशा तैयार है। शहडोल का यह मामला इस बात का जीवंत उदाहरण है कि हमारे प्रशासनिक ढांचे में भ्रष्टाचार और लापरवाही को किस तरह संरक्षण मिलता है। सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता न्याय की उम्मीद में सिर्फ हेल्पलाइन और नोटिसों के चक्कर काटती रहेगी?

## शातिर चोर गिरफ्तार, तीन लाख का माल बरामद

**शहडोल।** जिले की धनपुरी पुलिस ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपी से लगभग 3 लाख रुपए मूल्य का माल जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश दोनों जगह चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी का सामान जब्त कर लिया है, वहीं चोरी का माल खरीदने वालों को भी गिरफ्तार किया गया है।

### दो दिन में दो बड़ी वारदात

मिली जानकारी के अनुसार 10-11 अगस्त 2025 की दरमियानी रात धनपुरी थाना क्षेत्र के कच्ची मोहल्ला और वार्ड क्रमांक 16/19 में चोरी की दो वारदातें हुई थीं। पहली घटना में फरियादी ऊषा तिवारी पति स्वर्गीय गुरु प्रसाद तिवारी, निवासी कच्ची मोहल्ला, के घर का ताला तोडक़र अज्ञात चोरों ने घर में रखे जेवरात, कराधान पायल, चांदी के पांच सिक्के, 5000 रुपए नकद और 42 इंच का सीसीटीवी चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 90 हजार रुपए आंकी गई। दूसरी घटना में फरियादी अब्दुल फजल पिता शौकत अली, निवासी वार्ड क्रमांक 16/19 ऊंची मोहल्ला धनपुरी के घर से अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोडक़र 60 हजार रुपए नकद, चांदी के जेवरात, प्यानो, टुल्लू पंप और अन्य सामान चोरी कर लिया। इस चोरी की कुल कीमत भी लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए बताई गई। दोनों घटनाओं



को एक ही आरोपी ने अंजाम दिया था।

### पुलिस ने बिछाया जाल

लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्र में दहशत का माहौल था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल श्रीमती अतिथि महोदय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर धनपुरी पुलिस टीम सक्रिय हुई। पुलिस ने सबसे पहले घटनास्थल के आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाले। फुटेज में संदिग्ध युवक की पहचान हुई जिसके आधार पर मुखबिरी तंत्र और टॉवर लोकेशन के जरिए खोजबीन की गई। आरोपी की लोकेशन छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मिली, जहां से पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी और चोरी का सामान बरामद

गिरफ्तार आरोपी का नाम रूपेंद्र लोनिया निवासी छोटी अमलाई थाना अमलाई बताया गया है। आरोपी ने चोरी की वारदातों को कबूल करते हुए बताया कि उसने चोरी का कुछ सामान रेलवे कॉलोनी निवासी रमेश सोनी पिता धर्मदास सोनी और धनपुरी वार्ड नंबर 20 निवासी अभिमन्यु सोनी पिता लखन लाल सोनी को बेचा था। पुलिस ने दोनों खरीदारों से चोरी का सामान जब्त कर लिया। जब्त माल में सोने-चांदी के जेवरात, रुश्वष्ठ टीवी, प्यानो, टुल्लू पंप और नकदी शामिल हैं। कुल बरामदगी की कीमत लगभग 3 लाख रुपए आंकी गई है।

### बाइक चोरी का खुलासा भी

पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी ने 11 अगस्त को ही अमलाई थाना क्षेत्र से एक बाइक चोरी की थी। यह बाइक जितेंद्र महतो निवासी वार्ड क्रमांक 11 अमलाई की थी। पुलिस ने इस बाइक को भी जब्त कर लिया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भी चोरी की घटनाएं कर चुका है।

### पुलिस टीम को सफलता

इस पूरे अभियान में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में उपनिरीक्षक एस. एस. तिवारी, प्रधान आरक्षक नागेश प्रताप सिंह, आरक्षक दीपक तिवारी, अंजन, प्र.आर. रामनाथ, राज प्रसाद, राजेश सिंह, अमित सिंह, प्रियंक तथा थाना बुढ़ार से आरक्षक गजेन्द्र सिंह, सायबर सेल शहडोल की सत्यकाम मिश्रा की विशेष भूमिका रही। धनपुरी पुलिस की इस कार्रवाई से लगातार चोरी की घटनाओं से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सफल कार्रवाई करने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग

**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता को लेकर व्यापक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना है, बल्कि स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाना भी है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत झारा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी जैन स्वयं पहुंची और ग्रामीणों से संवाद कर स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वच्छ वातावरण से स्वास्थ्य बेहतर होता है, बीमारियों का खतरा घटता है और समाज का विकास तेज़ी से होता है। बच्चों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन किया गया ताकि वे बचपन से ही स्वच्छता की आदतें अपनाएँ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आवश्यकता समझाते हुए कहा कि ऐसा करने से कचरे का निपटान और पुनर्चक्रण आसान हो जाता है। गीला कचरा खाद में परिवर्तित हो सकता है जबकि सूखा कचरा पुनः उपयोग के योग्य होता है। उन्होंने कहा कि गाँव का हर परिवार इस नियम का पालन करे तो न केवल गाँव स्वच्छ रहेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।कार्यक्रम में स्वच्छता रैली भी निकाली गई जिसमें ग्राम के बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। हाथों में तख्तियाँ और स्लोगन लिए प्रतिभागियों ने 'स्वच्छ गाँव, सुंदर गाँव' और 'कचरा डिब्बे में डालो, बीमारियों को दूर भगाओ' जैसे संदेश दिए।ग्रामीणों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियानों से उनकी सोच में बदलाव आया है और वे अब सफाई के प्रति अधिक सजग हो गए हैं। महिलाओं



ने बताया कि अब वे घर के कचरे को अलग-अलग रखने लगी हैं और बच्चों को भी यही सिखा रही हैं।अभियान के दौरान विद्यालयों में विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित हुए, जिसमें शिक्षकों ने स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण के महत्व पर छात्रों को विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने गीत, नारे और नाटक के माध्यम से संदेश फैलाया।कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अगर हम अपने घर, गली और मोहल्ले को साफ रखें तो यह देश के विकास में एक बड़ा योगदान होगा। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान को केवल स्वतंत्रता दिवस तक सीमित न रखें बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। अभियान के सफल आयोजन के लिए जनपद पंचायत के कर्मचारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों और युवाओं को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## अजय अवस्थी बने शहडोल कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष

**शहडोल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 71 जिलों में नए जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। लंबे समय से जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर कयास लगाए जा रहे थे, जिस पर आज विराम लग गया। संगठन ने शहडोल से युवा तुर्क नेता और जीतू पटवारी व कुणाल चौधरी के करीबी माने जाने वाले अजय अवस्थी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय जिले की राजनीति में कांग्रेस को नई ऊर्जा देने वाला माना जा रहा है।

### कौन हैं अजय अवस्थी?

अजय अवस्थी का जन्म 1 फरवरी 1977 को शहडोल में हुआ। उनके पिता का नाम राजाराम अवस्थी है। स्नातक उपाधि प्राप्त करने के बाद वे कृषि कार्य और व्यापार से जुड़े रहे। उनका स्थायी निवास शहडोल के वार्ड नंबर 39, पुरानी बस्ती में है। अजय अवस्थी छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे और उन्होंने संगठन के विभिन्न पदों पर काम किया। वे पूर्व महासचिव, म.प्र. युवक कांग्रेस और पूर्व सचिव, म.प्र. युवक कांग्रेस रह चुके हैं। इसके अलावा वे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष, युवक कांग्रेस शहडोल के पद पर भी रहे। उनकी सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें झारखंड विधानसभा (मनिका विधानसभा—73) के लिए प्रत्याशी भी बनाया, जहां उन्होंने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 16 हजार से अधिक मत प्राप्त किए। इसके साथ ही वे अध्यक्ष, संगमगढ़ काष्ठ एवं व्यवसायी संघ शहडोल तथा प्रवक्ता, म.प्र. कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।



### विचारधारा और आदर्श

अजय अवस्थी खुद को स्व. राजीव गांधी का राजनीतिक आदर्श मानते हैं और हमेशा समाज सेवा को प्राथमिकता देने की बात करते हैं। उनका कहना है कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। अजय अवस्थी की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। युवा वर्ग और व्यापारिक समाज में उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस शहडोल में और मजबूती से खड़ी होगी तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि अजय अवस्थी की छवि साफ-सुथरी है और वे हमेशा संघर्षशील रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव और युवाओं से उनका जुड़ाव उन्हें एक सशक्त नेतृत्वकर्ता बनाता है। यही कारण है कि प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताकर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का यह निर्णय न केवल शहडोल बल्कि पूरे संभाग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए जोश और ऊर्जा लेकर आया है। अजय अवस्थी की नियुक्ति से कांग्रेस को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है। शहडोल की राजनीति में यह बदलाव कांग्रेस के भविष्य को मजबूती देने वाला साबित हो सकता है।

## सड़कों पर फैली निर्माण सामग्री में आवागमन बाधित, हो रहे विवाद



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 25 शिवधाम कॉलोनी, दधीवल पेट्रोल टंकी के पीछे की सडक़ें निर्माण सामग्रियों से पटी पड़ी हैं, जिससे आम नागरिकों का निकलना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका की अनदेखी और पार्षद की उदासीनता से क्षेत्रवासी बेहद परेशान हैं। शिवधाम कॉलोनी के मुख्य मार्गों पर रेत, गिट्टी, ईंटें और सीमेंट की बोरियां जगह-जगह बिखरी पड़ी हैं। इन सामग्रियों के कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब सडक़ें कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका और क्षेत्रीय पार्षद से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। पार्षद से मिलने की कोशिश भी की गई, मगर उन्होंने कोई ठोस जवाब नहीं दिया। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में अव्यवस्थित निर्माण कार्यों की अनुमति देकर जिम्मेदार अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी की है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सडक़ों से निर्माण सामग्री नहीं हटाई गई और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे नगर पालिका कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि लोगों की समस्याओं की ओर कब ध्यान देते हैं और शिवधाम कॉलोनी की बदहाल सडक़ों को राहत कब मिलती है।




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
- इंदिरा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ब्यौहारी- जिला शहडोल मप्र।
- इंदिरा गांधी पैरामेडिकल गोदावल तिराहा।
- इंदिरा गांधी कंप्यूटर कॉलेज चुंगी नाका।

सौजन्य - विनय सोनी (डायरेक्टर)

पंडित राम किशोर शुक्ला शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ आर के तिवारी
प्रचार्य।
राजेंद्र वैश्य अध्यक्ष जन भागीदारी समिति।

## वरिष्ठ पत्रकार किशनलाल शिवहरे का निधन, पत्रकारिता जगत में शोक



**शहडोल।** दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार किशनलाल शिवहरे का बीते दिनों लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। लगभग 82 वर्ष की आयु में भी वे सक्रिय रूप से पत्रकारिता कर रहे थे। घुनघुटी (उमरिया) क्षेत्र में वे पिछले दो दशक से निरंतर निष्पक्ष और जमीनी स्तर की पत्रकारिता के लिए पहचाने जाते थे। समाज के अंतिम छोर तक जुडक़र आवाज उठाना उनकी विशेषता थी, जो आज पत्रकारिता जगत के लिए एक आदर्श है।स्वर्गीय किशनलाल शिवहरे (पुत्र मुकेश शिवहरे) का निधन 14 अगस्त की शाम को हुआ। उनके निधन पर हरिभूमि परिवार शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों में गहरा शोक व्यक्त किया गया। हरिभूमि जबलपुर कार्यालय के अमरेंद्र सिंह ने कहा कि किशनलाल जी का जाना पत्रकारिता के एक युग का अंत है, उन्होंने हमें जमीनी पत्रकारिता की असली परिभाषा दी। इसके अलावा हरिभूमि संभागीय प्रमुख कैलाश लालवानी, अनूपपुर ब्यूरो चीफ मनोज शुक्ला, शुभम तिवारी, अनिल तिवारी, अमित दुबे, रघुवंश मिश्रा, श्याम बिहारी श्रीवास्तव सहित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से अजय नामदेव, सौरभ पांडे, चंदन वर्मा और शंभू यादव आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।हरिभूमि कार्यालय शहडोल में आयोजित शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी सहने की शक्ति के लिए प्रार्थना की गई।

## शिक्षा के मंदिर में नशे का धंधा, शिक्षक पर उठे सवाल

**शहडोल।** जिले के बुढार जनपद के प्राथमिक विद्यालय टेडीहा दमकी टोला से एक बेहद शर्मनाक और चिंताजनक मामला सामने आया है। यहां बच्चों को शिक्षा का पाठ पढ़ाने वाला शिक्षक ही नशे में धुत्त होकर विद्या के मंदिर की पवित्रता को तार-तार करता नजर आ रहा है। स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें विद्यालय का शिक्षक सुरेश चतुर्वेदी अपने कुछ साथियों के साथ स्कूल परिसर में गांजे की चिलम पीते स्पष्ट दिखाई दे रहा है।ग्रामीणों के अनुसार यह कोई पहली बार की घटना नहीं है। आरोप है कि सुरेश चतुर्वेदी आए दिन गांजे के नशे में विद्यालय पहुंचते हैं। नशे की हालत में वह बच्चों को न तो ठीक से पढ़ा पाते हैं और न ही उनके सवालों का जवाब दे पाते हैं। विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार शिक्षा विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। मजबूरन



ग्रामीणों ने चोरी-छिपे शिक्षक की हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, ताकि इस गंभीर मामले को उजागर किया जा सके।इस मामले ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैला दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शिक्षक ही नशे की गिरफ्त में होगा तो बच्चों का भविष्य कौन संवार पाएगा। शराब या गांजे के नशे में धुत्त होकर विद्यालय आना बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है। गांव के लोगों ने जिला शिक्षा अधिकारी से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसे शिक्षक बच्चों को शिक्षा देंगे तो शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो जाएगी। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक इस शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे आंदोलन करने को भी तैयार हैं। शिक्षा के मंदिर में इस तरह का कृत्य न केवल बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है बल्कि पूरे समाज के लिए कलंक है।

### इनका कहना है...

आरोपों गलत है, ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद वे गांव के कुछ लोगों के साथ स्कूल परिसर में सिर्फ सिगरेट पी रहे थे। वीडियो को तोड़-मरोडक़र पेश किया गया है।

सुरेश चतुर्वेदी
शिक्षक
प्राथमिक विद्यालय टेडीहा दमकी टोला

## खबर संक्षेप

### परेड में शस्त्रधारी में एसएएफ तथा गैर शस्त्रधारी में एनसीसी उत्कृष्ट ने मारी बाजी



**उमरिया।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 12 टीमों ने भाग लिया। जिसमें शस्त्रधारी परेड में एसएएफ दल प्रथम, जिला पुलिस बल व्दितीय तथा होमगार्ड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह गैर शस्त्रधारी परेड में एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय प्रथम, एन सी सी जवाहर नवोदय विद्यालय ने व्दितीय तथा स्काउट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परेड कमाण्डर सूबेदार अमित विष्वकर्मा तथा टूआईसी होमगार्ड के प्लाटून कमाण्डर राहुल साहू रहे। परेड संचालन में सहयोग देने हेतु संयुक्त बैंड दल , पुलिस बल , जिला पुलिस बल उमरिया एवं जवाहर नवोदय विद्यालय बैण्ड दल को राष्ट्रीय गान के लिए तथा जवाहर नवोदय विद्यालय तथा उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओ को पायलट के लिए सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक दलों ने दी आकर्षक प्रस्तुति



**उमरिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूली छात्रा-छात्राओं ने आकर्षक एवं मनमोहक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 5 दलों ने भाग लिया जिसमें कन्या उमावि उमरिया, सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया, जवाहर नवोदय विद्यालय उमरिया तथा केन्द्रीय विद्यालय व्दारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेन्ट्रल एकेडमी उमरिया ने प्रथम,जवाहर नवोदय विद्यालय ने व्दितीय तथा शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को किया गया सम्मानित



**उमरिया।।** अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड उमरिया में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को सम्मानित किया । जिसमें सीएम हेल्पलाइन का निराकरण करने पर एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह , कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, उप संचालक पशू चिकित्सा सेवाएं, उपयंत्री जनपद पंचायत पाली, उपयंत्री जनपद पंचायत करकेली, उपयंत्री जनपद पंचायत मानपुर, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत बहेरवाह , जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर रविन्द्र कुमार शुक्ला, परामर्षदाताओं, पुलिस अधीक्षक कार्यालय , कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला पंचायत ई गवर्नेंस कार्यालय, युवा टीम उमरिया, पैगाम फाउंडेशन, बांधवगढ टाईगर रिजर्व के कर्मचारियों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण



**उमरिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर एवं कलेक्टर बंगला में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। इस अवसर पर कलेक्टर की धर्मपत्नी सीमा जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी,सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के संदेश का लाईव प्रसारण सुना एवं देखा गया

# कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी






**उमरिया।** अमर शहीद स्टेडियम में पूरे हर्षोल्लास के बीच स्वतंत्रता दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर आकर्षक परेड की सलामी ली इसके बाद प्रदेश के लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह मे दिए गए संदेश का लाईव प्रसारण देखा एवं सुना गया, तत्पश्चात कलेक्टर ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने परेड का निरीक्षण किया एवं परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, परेड कमांडर अमित विश्वकर्मा भी साथ रहे ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने शहीद सैनिकों के परिवार जन, ग्राम धमोखर निवासी रेखा सिंह के पति दीपक सिंह के गलवान घाटी मे शहीद होने पर रेखा सिंह की बहन को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह शहीद सीताराम रघुवंशी बरहटा पोस्ट पथरहठा की पत्नी शांति बाई रघुवंशी, शहीद भूपत सिंह रघुवंशी की पत्नी मोहवती सिंह ग्राम देवरा तथा सतेन्द्र सिंह की माता ममता सिंह का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने खुशहाली एवं शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े।

कार्यक्रम में 6 शस्त्र धारी एवं 6 गैर शस्त्र धारी परेड दलों द्वारा शानदार परेड की प्रस्तुति दी गई। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति से समारोह में उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस एवं अन्य सेवाओं के कर्मचारियों, प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाडिय़ों, स्काउट के विद्यार्थियों, तथा परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व अनुपम सहाय,वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,कलेक्टर की धर्मपत्नी सीमा जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया ,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले,हरनीत कौर कलसी, जनप्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल सहित जिला प्रमुख अधिकारी एवं स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा एवं पूनम पयासी द्वारा किया गया।

## मोदीनगर में चोरों का आतंक, पकड़ से दूर बदमाश

**शहडोल।** जिला मुख्यालय में इन दिनों चोरों ने आतंक मचा रखा हुआ है आए दिन घरों के ताले तो चटक ही रहे हैं साथ-साथ अब घरों के सामने खड़े वाहनों के पाट्र्स व बैटरी भी चोरी कर रहे हैं इस मामले में शहडोल थाना कोतवाली और सोहागपुर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती चली जा रही हैं और और जिम्मेदार मामले में जांच पड़ताल कर बैठे हुए हैं। सीसीटीवी में कैद वारदात सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोदीनगर में इन दिनों चोरों के आतंक का केंद्र बना हुआ है मोदीनगर के कई घरों में बीते माह चोरों ने हाथ साफ कर दिए हैं लेकिन अब तक चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है वहीं बीते दिनों 15 अगस्त की रात में ही मोदीनगर स्थित एक फैक्ट्री के सामने खड़ी माजदा गाड़ी से बैटरी चोरी हो गई इस चोरी की घटना को सीसीटीवी में कैद कर लिया गया जब वाहन मालिक को इसकी जानकारी लगी तो उसने आसपास के सीसीटीवी को खंगालना शुरू किया जिसमें दो युवक मौके पर घंटों जगह का मुआयना करते देखे गए वहीं कुछ देर बाद दोनों बैटरी लेकर भागते देखे गए लेकिन जब सुबह इनकी जांच पड़ताल की गई तो मोदीनगर के आगे ही झाड़ी के बगल में बैटरी पड़ी हुई मिली लोगों के द्वारा यह कयास लगाया जा रहे हैं कि यह बैटरी चोरी करके किसी झाड़ी के समीप फेंक देते हैं और फिर दूसरे दिन इस बैटरी को उठाकर ले जाते हैं लेकिन जागरूक लोगों की सूझबूझ से यह बैटरी तो मिल गई फिलहाल इस मामले की सूचना थाने में दे दी गई है।लेकिन इस क्षेत्र में ही चोरों की मुस्तैदी बनी हुई है जबकि यह क्षेत्र सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है लेकिन आज भी इन क्षेत्रों में गस्त की कमी देखी जा रही है जिसकी वजह से यहां के क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं।

**पुलिस अधीक्षक से अपील:** शहर की जनता ने समाचार पत्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से अपील की गई है कि सोहागपुर थाना क्षेत्र के मोदीनगर में पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की गई है क्योंकि लगातार बीते माह इसी क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें घटित हो चुकी है।

## स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य हेतु शुभम समाज सेवी संस्थान सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** नगर पालिका परिषद पसान द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर शुभम समाज सेवी संस्थान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो ने संस्था के प्रतिनिधि ओमकांत शुक्ला को सम्मानित किया। बताया गया कि नगर पालिका परिषद पसान ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में 3 स्टार रेटिंग प्राप्त की है, जिसमें उपयंत्री अविनाश मरकाम, फयाज अहमद, के मार्गदर्शन मे शुभम समाज सेवी संस्थान व नगर के सफाई कर्मचारियों का अच्छा योगदान रहा। संस्था के प्रयासों से नगर में साफ-सफाई, जनजागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों मे स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में उल्लेखनीय सफलता मिली है। कार्यक्रम में नगर पालिका अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने संस्था के कार्यों की सराहना की और आगे भी इसी तरह नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया।



### विद्यालय में सुरूचि भोज का किया गया आयोजन

**उमरिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले भर में स्कूलों में सुरूचि भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि बच्चे नियमित रूप से स्कूल आएं, अपने अध्यापन का कार्य करें। उन्होने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल भेजे तथा घर पर भी बच्चों को पढ़ाए, ताकि बच्चें पढ़ लिखकर समाज की सेवा में अपना योगदान दें सके । कार्यक्रम के पूर्व में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का संचालन एस के गौतम ने किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर मे आयोजित सुरूचि भोज कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ,पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी, आशुतोष अग्रवाल बच्चों के साथ सुरूचि भोज किया।

## प्राथमिक एवं उमावि चचाई का रीयूनियन कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का पावन दिन, शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चचाई के लिए इतिहास में स्वर्णाक्षरों से अंकित हो गया। इस दिन विद्यालय के भूतपूर्व छात्र छात्राओं का बहुप्रतीक्षित रीयूनियन कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामई वातावरण में सम्पन्न हुआ। सुबह विद्यालय प्रांगण में प्राचार्या श्रीमती फानुस जमाल खां द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रगान की गूंज से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। इसके उपरांत शिक्षक अभय मिश्रा, सलमा बेगम द्वारा पूर्व शिक्षकों एवं वर्तमान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। छात्रछात्राओं ने हाथों में तिरंगा लिए डीजे की धुन पर प्रभात फेरी निकाली, जिससे पूरा कॉलोनी "भारत माता की जय" और देशभक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा।

**शाम का भावनात्मक मिलन समारोह** शाम 6 बजे एम.पी.ई.बी. हॉस्टल परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम ने मानो विद्यालय के सुनहरे इतिहास को पुनर्जीवित कर दिया। ढोल नगाड़ों और देशभक्ति नारों के बीच पूर्व शिक्षक- वेद व्यास दवे, राम नारायण द्विवेदी, मोहम्मद इश्तियाक खां, श्रीमती विमला दीक्षित, गंगा सिंह सेंगर, राम करन गुप्ता, श्रीमती शोभना अर्गल खरे, यू के बघेल, तेजभान सिंह, आशीष तिवारी, एन पी गुप्ता का स्वागत आरती-वंदन और पुष्प वर्षा से किया गया। मां सरस्वती के तेल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद छात्रों ने तिलक वंदन कर, शाल-श्रीफल भेंट कर और चरण-स्पर्श कर अपने गुरुजनों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण था नारायण सिंह थापा, अवधेश विश्वकर्मा, ओम प्रकाश यादव पूर्व छात्रों का सम्मान जो आज देश की सेवा में सैनिक बलों में कार्यरत हैं। उन्हें भी शाल-श्रीफल भेंट कर गौरव के साथ सम्मानित किया गया। पूरा सभागार "वंदे मातरम" और "जय हिंद" के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व शिक्षकों द्वारा रीयूनियन स्मृति पत्रिका का विमोचन किया गया। अपने आशीर्वचन में गुरुजनों ने भावुक होते हुए कहा कि "हमने ऐसा कौन सा पुण्य किया था कि आज हमें देश-विदेश में बसे अपने शिष्यों का यह स्नेह और सम्मान प्राप्त हो रहा है। यह क्षण हमारे लिए अमूल्य और अविस्मरणीय है।" उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के बाद 17 अगस्त 2025 को सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का अमरकंटक में मां नर्मदा दर्शन हेतु भ्रमण आयोजित किया गया, जहां प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव कर कार्यक्रम को और भी भव्यता मिली। यह रीयूनियन केवल एक मिलन समारोह नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संगम सिद्ध हुआ। सादगी, आत्मीयता और सम्मान का यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन गया। सभी ने एक स्वर में कहा "जो पौधा कभी विद्यालय में लगाया गया था, वह आज 50-60 वर्षों में एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जिसकी छाया का लाभ आज पूरा देश और विदेश उठा रहा है।"

## आध्यात्म पथ का निर्माण सभी धर्म का सम्मान- दिलीप अहिरवार

### प्रभारी मंत्री ने जैतहरी में विकास कार्यो का किया लोकार्पण






**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** अनूपपुर जिले के सर्वांगीण विकास हेतु मध्यप्रदेश की सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उक्त आशय के विचार नगर परिषद जैतहरी द्वारा 113 लाख रुपए के लागत से विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के पास नव निर्मित अध्यात्म पथ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अध्यात्म पथ सर्व धर्म समभाव को समर्पित हैं, जो सभी धर्म का सम्मान कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी की गौरव गाथा का दिन है। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले के सर्वांगीण विकास हेतु सरकार भी प्रतिबद्ध है। प्रभारी मंत्री अहिरवार नगर परिषद जैतहरी में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री नगर परिषद जैतहरी के अंतर्गत 113 लाख रुपए के लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने अनूपपुर जिले में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिला विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। यह अत्यंत गौरवान्वित एवं हर्ष का विषय है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम और विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने की। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी अंजलि द्विवेदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैतहरी भूपेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, आमजन, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर परिषद जैतहरी के अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने कहा कि अध्यात्म पथ नगर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को एक नया आयाम देने वाला है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद जैतहरी द्वारा निर्मित 'अध्यात्म पथ' का निर्माण सर्वधर्म सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। यहां भारत के प्रमुख 6 धर्मों के इष्टों की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। यह गौरतलब है कि यह विश्व का एकमात्र स्थल है, जहां सभी धर्मो को एक ही पथ पर साथ लाया गया है। नगर परिषद के अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने अन्य परियोजनाएं और उपलब्धियां के बारे में बोलते हुए कहा कि अध्यात्म पथ के साथ-साथ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लाइब्रेरी एंड स्मार्ट क्लासेज और कायाकल्प-1 जैसी सुविधाओं का भी लोकार्पण किया गया हैं। नगर परिषद द्वारा पिछले कुछ वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख भी किया गया, जिनमें सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण शामिल हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि ये विकास कार्य नगर को सर्व-सुविधायुक्त बनाने के संकल्प का हिस्सा हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर परिषद आगे भी जनहित में विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखेगी। कार्यक्रम में सर्व धर्म को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ समाजसेवियों हाजी अब्दुल सलीम, जेनेट वॉकर बहन, मदन मोहन उपाध्याय सेवानिवृत शिक्षक, भागचंद जैन को शाल, श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। नगर परिषद जैतहरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, नगर परिषद उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर, कैलाश मरावी सभापति, सिद्धार्थ सिंह (राजा भैया), जिला पंचायत सदस्य रंजीत सर्राटी, मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, पार्षद सुनीता जैन, सविता राठौर, कविता राठौर सहित नगर के कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी भागचंद जैन, लखन नामदेव, मोहम्मद शेख अब्दुल जलील, जफर खान, एजाज खान, अशोक राठौर, लीलाधर राठौर, मीडिया प्रभारी दिनेश निषाद और नगर परिषद के समस्त पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। अंत में सभी अतिथियों ने नगर परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता और उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर ने कहा कि नगर को क्षेत्र का आदर्श नगर बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे।

## उमंग, उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### ह्दय स्थल गांधी चौक में नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ ने किया ध्वजारोहण




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। उमंग, उत्साह, उल्लास से भरे मुख्य समारोह का आयोजन नगर के ह्रदय स्थल गांधी चौक मे आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशवासियों को प्रसारित संदेश का वाचन एवं परिषद् की आगामी कार्ययोजना और उपलब्धियों से अवगत कराया।

**किया गया सम्मानित**

नगर पालिका द्वारा सामाजिक कार्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन व सबसे ज्यादा प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरष्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, परिषद् पदाधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि, नगर के गणमान्य नागरिक, नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी, महिलाएं, छात्र छात्राएं उपस्थित थे। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक को खूब सजाया गया था। सुबह से ही नगर में आजादी का जश्न मनाने के लिए लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था । सुबह से ही नगर में चारों ओर देशभक्ति के गाने गूंज रहे थे। विद्यालय के शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। ध्वजारोहण समारोह में नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय के छात्र छात्राएं हाथों में झंडा लिए भारत माता की जय के जयकारों के साथ ध्वजारोहण समारोह में उपस्थित थे। नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय सहित शासकीय कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया।

**नर्म कार्यालय मे भी मनाया गया पर्व**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के नर्म कार्यालय मे ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्र गान के बाद नर्म कार्यालय मे कार्यरत कर्मचारियों मिठान्न वितरण कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

**विवेक शिक्षा निकेतन मे भी मना पर्व**

विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीयता से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी गई। विद्यालय के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मदरसा दारूल उलूम मोहम्मदिया अहले सुन्नत इस्लाम गंज में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने मिल कर तिरंगा फहराया। जिसमे मदरसे के मोहतमिम हाफिज अब्दुल हन्नान की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। रज्जाक कादरी ने ध्वजारोहण किया। हाफिज अशफाक खान रजवी ने पढ़ा सारे जहां से अच्छा और मुल्क के अमन सुकून के लिए की दुआएं। मदरसे के सभी बच्चे और कमेटी के लोग इकट्ठा होकर प्रोग्राम को कामयाब बनाया और मुल्क के लिए दुआएं मांगी। हाफिज अब्दुल हन्नान ने बताया की ये मुल्क हमारा है, इससे हमे वफ़ा करनी चाहिए, और वक्त पे वतन के लिए अपना सब चीज कुर्बान करने के लिए हम हमेशा तैयार थे और रहेंगे नगर के अशासकीय विद्यालय ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल शिक्षा ज्योति आर सी इंग्लिश मीडियम शिशु भारती सरस्वती शिशु मंदिर विवेक शिक्षा निकेतन में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय कार्यालय में रोशनी की गई थी। शासकीय विद्यालयों में विशेष भोज का आयोजन भी किया गया था। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाम को नगर के ह्रदय स्थल गांधी चौक मे भारत माता की महाआरती का आयोजन नगर पालिका के द्वारा किया गया था। नागरिकों जनप्रतिनिधियों ने भारत माता की महाआरती उतारी।

## जिले भर में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा नगर मे यादव समाज के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल लोग हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जय कारे लगाते हुए चल रहे थे। जिला मुख्यालय सहित कोतमा बिजुरी राज नगर रामनगर जैतहरी वेंकट नगर राजेंद्र ग्राम जैतहरी अमरकंटक भालूमाड़ा जमुना कालरी अमलाई बरगवां चचाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक समितियों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण उत्सव का शुभारंभ किया गया यह आयोजन आने वाले एक सप्ताह तक चलेंगे। कोतमा नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नगर के मंदिरों में सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी।

### मनाया गया जन्मोत्सव

कोतमा नगर के पंचायती मंदिर में सुबह भगवान का पूजन अभिषेक किया गया रात्रि 8:00 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जैसे ही मध्य रात्रि 12:00 बजे वैसे ही पटाखे फोड़ते हुए भगवान श्री कृष्णा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर की विशेष सजावट की गई थी। नगर के बनिया टोला बूढी माता मंदिर में भी भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था छोटे बच्चे भगवान श्री कृष्ण का पोशाक पहने हुए हाथों में बांसुरी लिए हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रहे थे। पुरानी बस्ती स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। लहसुई कैंप के संतोषी माता मंदिर में भी जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।



### मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन

भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के विभिन्न जगहों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मटकी फोड़ कार्यक्रम मे बच्चे महिलाएं एवं युवा बड़े उत्साह पूर्वक शामिल होते हुए मटकी प्रतियोगिता में शामिल हुए। मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन देर रात तक चला इसमें बड़ी संख्या में नगर के युवाओं ने भागीदारी की।

### विराजे गए भगवान श्री कृष्णा

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के पुरानी बस्ती राधा कृष्ण मंदिर वार्ड क्रमांक 4 विद्युत मंडल कार्यालय के आगे वार्ड क्रमांक 1 फिल्टर मोहल्ला दफाई टोला में समिति के द्वारा पंडाल सजाकर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा की स्थापना की गई। पंडालो में निरंतर एक सप्ताह तक भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की जाएगी साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### आबकारी कार्यालय में ध्वजारोहण

**बुढार**। आबकारी व्रत कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पावन बेला पर आबकारी उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय ध्वज को फहराया इसके उपरांत राष्ट्र गान, मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, बाबू लाल नापित,रजत, कपिल, संजय जैन, महेश बजाज सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण



**ब्यौहारी**। विधिक सेवा प्राधिकरण के के द्वारा पंडित रामकिशोर शास्त्री कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में वन विभाग द्वारा प्रदाय किए गए औषधिय पौधे रोपित किए गए सिविल न्यायालय के पुष्पेंद्र सिंह एडीजे, रानु झारिया मजिस्ट्रेट वर्ग 2 अश्वनी चतुर्वेदी न्यायाधीश वर्ग 2 द्वारा पौधारोपण किया गया इस अवसर पर कॉलेज की प्रचार्य डॉ आरके तिवारी, डॉ मोहित लाल वर्मा वंश बहादुर सिंह, अर्पिता सिंह एवं समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

### सीएलएफ सूखा में हुआ ध्वजारोहण



**ब्यौहारी** । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सीएलएफ सूखा में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीता साहू ने ध्वजारोहण किया गया इस दौरान संकुल सूखा के समस्त सीएलएफ मेंबर उपस्थित रहीं।

### कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने हिमांशु तिवारी और उनकी टीम को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**उमरिया**। अमर शहीद स्टेडियम उमरिया में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत उमरिया अध्यक्ष अनुजा पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायती सीईओ अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा टीम उमरिया के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने युवा टीम उमरिया की सराहना करते हुए कहा कि हिमांशु तिवारी व उनकी टीम जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर जिले वासियों को जागरूक व प्रेरित करने में योगदान किया। युवा टीम के द्वारा मध्य प्रदेश शासन की अनेक योजनाओं की जानकारी व जागरूकता फैलाने का कार्य कर व एक पेड़ मां अभियान, स्वच्छता अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, जल संरक्षण अभियान, महिला सशक्तिकरण, पौधारोपण, नशा मुक्ति, आदिवासी क्षेत्रों में निशुल्क कोचिंग क्लास, आदिवासी क्षेत्रों में सेनेटरी पैड निःशुल्क वितरण, निशुल्क प्याऊ जल, स्वास्थ्य जागरूकता, दागना कुप्रथा अभियान, पक्षी मित्र अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान जैसे आदि अभियानों में अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदान की। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते समय पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, वैष्णवी बर्मन, शिखा बर्मन, अभिनव द्विवेदी,राहुल सिंह,अम्ब्रिका प्रसाद मेहर उपस्थित रहे।

# धनपुरी कोयलांचल में सुभाष स्टेडियम से लेकर हर माइंस तक लहराया तिरंगा



### महाप्रबंधक परांजपे व जीसीसी सदस्यों ने कबूतर उड़ाकर दिया शांति का संदेश

**धनपुरी**।

स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ धनपुरी नगर सहित पूरे सोहागपुर कोयलांचल में हर्षोल्लास और परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाई गई। मुख्य समारोह का आयोजन सुभाष स्टेडियम धनपुरी में हुआ, जहां एसईसीएल सोहागपुर एरिया के नवागत मुख्य महाप्रबंधक संदीप एस. परांजपे ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान की गूंज और बच्चों की देशभक्ति प्रस्तुतियों से पूरा परिसर गूंज उठा।गुब्बारे और कबूतर से शांति का संदेशसमारोह की खास झलक तब दिखी जब मुख्य महाप्रबंधक संदीप एस. परांजपे व जीसीसी सदस्यों ने गुब्बारे और कबूतर आकाश में छोड़कर शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। इस दृश्य ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।महाप्रबंधक का संबोधनअपने संबोधन में महाप्रबंधक श्री परांजपे ने कहा— “सोहागपुर एरिया का लक्ष्य सिर्फ उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षा और श्रमिक कल्याण को प्राथमिकता देना है। श्रमिकों की मेहनत ही इस क्षेत्र की असली ताकत है।” उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। माइंसों में भी फहराया तिरंगाकोयलांचल की विभिन्न माइंसों में भी तिरंगा लहराया गया और श्रमिकों ने उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया—अमलाई ओसीएम – उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी. रमन्ना ने ध्वजारोहण कर उत्कृष्ट श्रमिकों को सम्मानित किया और सीएमडी संदेश का वाचन किया। दामिनी माइंस – प्रबंधक राजेश खम्परिया ने झंडारोहण कर सुरक्षा को सर्वोपरि रखने की अपील की। राजेंद्रा भूमिगत माइंस – प्रबंधक बी. बाला कृष्णा ने ध्वज फहराकर श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं। खैरहा माइंस खान प्रबंधक मंसाराम मंडरी ने ध्वजारोहण कर कहा कि “सुरक्षा को ध्यान में रखकर वार्षिक उत्पादन लक्ष्य अवश्य पूरा होगा।” बंगवार माइंस – उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह ने ध्वजारोहण कर सभी को शुभकामनाएं दीं। और बंगवार कार्यालय के समक्ष खान प्रबंधक डी आर कुर्रे ने 15 अगस्त 79 की जयंती पर ध्वजारोहण कर अपने श्रमवीरों को मुंह मीठा कराते हुए स्वतंत्रता दिवस की बधई देते हुए वार्षिक कोयला पूरा करने के साथ सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने को कहा।धनपुरी से लेकर माइंस तक हर ओर तिरंगे की शान और देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी। बच्चों की प्रस्तुतियों और कबूतर उड़ाने के कार्यक्रम ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को और भी यादगार बना दिया।

## लीनेस क्लब बुढ़ार की बहनों ने कस्तूरबा गांधी आदिवासी छात्रावास में मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**धनपुरी**। कस्तूरबा गांधी आदिवासी छात्रावास बुढ़ार प्रांगण में 15 अगस्त शुक्रवार को देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो उठा। लीनेस क्लब बुढ़ार की बहनों ने यहाँ पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा फहराकर हुई। क्लब की बहनों ने छात्रावास वार्डन व स्टाफ के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। इसके बाद गूँजते राष्ट्रगान के साथ वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया।वीरों के बलिदान को किया यादइस मौके पर क्लब अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीछात्रावास की छात्राओं को इस अवसर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला।भाषण प्रतियोगिता में निशा वाला प्रथम, चंद्रिका मानिकपुरी द्वितीय और शालिनी कहार तृतीय स्थान पर रहीं।देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में सरस्वती प्रथम, शीतल पनिका द्वितीय और प्रांशी महरा तृतीय रहीं।वहीं ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रिया सिंह प्रथम, वैष्णवी दुबे द्वितीय और शिवांगी सोनी तृतीय रहीं।सभी विजेताओं को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया।मीठे लम्हों के साथ समापनकार्यक्रम के अंत में छात्राओं और उपस्थित जनों को बूंदी लड्डू के पैकेट वितरित किए गए। बच्चों के चेहरों की मुस्कान ने समारोह की शोभा और बढ़ा दी।क्लब की सक्रिय भूमिकाकार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, सचिव अंजू अग्रवाल, साधना अग्रवाल, शैल गुप्ता, स्नेह लता गुप्ता, रजनी जैन, ज्योति खनूजा, अर्चना ओझा, प्रतिमा जैन, अंजू दुआ आरती खनूजा, अंजू मिश्रा और सरिता अग्रवाल उपस्थिति रही तथा शैल गुप्ता अर्चना ओझा ने जनरल नॉलेज प्रश्न पूछ कर बच्चों को गिफ्ट देकर अपना योगदान दिया स्नेह लता गुप्ता ने अपने द्वारा रची हुई कविता की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी सचिव अंजू अग्रवाल ने मंच का संचालन किया कार्यक्रम आभार प्रदर्शन और देशभक्ति के जयघोष “भारत माता की जय, वंदे मातरम” के साथ संपन्न हुआ।

## कलम की ताकत से गूंजा स्वतंत्रता दिवस समारोह

### नगर पत्रकार परिषद ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस, निर्भीक पत्रकारिता पर दिया जोर



**धनपुरी**। नगर पत्रकार परिषद धनपुरी ने 79वां स्वतंत्रता दिवस अमरकंटक रोड स्थित वार्ड क्रमांक 22 के प्रेस कार्यालय में गरिमा और उत्साह के साथ मनाया। प्रातः 9:15 बजे अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगीत के सामूहिक वादन के साथ वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी सिर्फ इतिहास की घटना नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए जिम्मेदारी है। वहीं, राजू अग्रवाल और मोहम्मद शफीक ने कहा कि पत्रकार का असली दायित्व नगर के हर वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ अखबारों के माध्यम से शासन और जनता तक निर्भीकता से पहुंचाना है। यही पत्रकार की सच्ची पहचान है।अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान ने अपने 40 वर्षों के पत्रकारिता अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कोयलांचल क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को बेबाकी से उठाया है।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद शमीम खान, राजू अग्रवाल, डॉ. विजय सिंह, एस.पी. सिंह, मोहम्मद शफीक, नौशेरमा खान, मोहम्मद साबिर, अनिल जायसवाल, तिलक राज सोनी, मोहम्मद इस्माइल, शेख इम्तियाज, मो इलियास, कैलाश महोबिया, महेंद्र सिंह, असलम खान, सुजीत जैन, नदीम खान, राशिद खान, मोहम्मद अनीश, अजलान खान, मोहम्मद अखिल, गुड्डू विश्वकर्मा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर अखंड ब्राह्मण सेवा समिति ने दी शुभकामनाएं

### समस्त भारतवासियों के जीवन में आए आनंद, शांति और समृद्धि – पं.एस.एल.भट्ट



**धनपुरी**। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्णाष्टमी के पावन अवसर पर अखंड ब्राह्मण सेवा समिति ₹भारतवर्ष₹ ने देशवासियों को मंगलकामनाएं दी हैं। समिति के राष्ट्रीय प्रमुख सलाहकार पं. एस.एल. भट्ट ने अपने विशेष संदेश में कहा कि यह पर्व सम्पूर्ण मानवता को धर्म, नीति और परोपकार की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि परमब्रह्म अवतारण श्रीकृष्णाष्टमी समस्त भारतवासियों के लिए मंगलमय, उन्नतिकारी, समृद्धिशाली एवं कीर्तिकारी सिद्ध हो। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव केवल धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि जीवन की हर परिस्थिति में धर्म और सत्य का पालन करने का प्रेरणास्त्रोत है।पंडित भट्ट ने देशवासियों के आनंदमय जीवन की हार्दिक कामना करते हुए कहा कि गीता का संदेश आज भी मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक है। यह पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संचार करता है।इस मौके पर समिति के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतभूमि पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा सदैव बनी रहे, ताकि हमारा राष्ट्र धर्म, संस्कृति और समृद्धि की राह पर निरंतर अग्रसर हो सके।

## डीएमएफ से 60 लाख की मिली स्वीकृति, नये परिषद भवन का होगा निर्माण, नगर परिषद में फहराया तिरंगा

**बुढार**।



स्वतंत्रता दिवस नगर परिषद में सादगीपूर्ण वातावरण राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंड़े को नमन करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने ध्वजारोहण किया इसके पूर्व राष्ट्र के विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर मुख्यमंत्री के संदेश का बचान किया।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा समूचा राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना से स्वछता की ओर देश काफी तेजी से राष्ट्र निर्माण हो रहा है है, आपरेशन मिशन सिंदूर की कामयाबी से आज महिलाओं को विशेष उपलब्धि हासिल हो रही है। श्रीमती सरावगी ने यह भी कहा कि नगर के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर हुं और नगर को 10 एकड़ की भूमि में नयी नगर परिषद भवन की बिल्डिंग की स्वीकृति मिली है।जिसके लिए 60 लाख डी एम एफ से मिलने की स्वीकृति मिली है,दुसरी नगर के वार्ड क्रमांक 6 अम्बेडकर नगर में पुराने तालाब का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव, एंड विशवेश पटेल, वीरभान सिंह,राष्ट्रपति पुरुस्कृत शिक्षक शिवेंद्र द्विवेदी, पार्षद मोहन बैगा,हरीश चंद्र,श्रीमती जूली जैन, सुमित्रा नामदेव,रश्मि सिंह, सविता सिंह,जूली रजक, इंजीनियर चंद्र प्रकाश पांडेय, अमीरुद्दीन, मनोज वर्मा,अभय शुक्ला, अर्जून सोनी, संजय नैनानी, सहित भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आभार व्यक्त सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संजय द्विवेदी ने किया।

## बकहो में स्वास्थ्य केंद्र की मांग, उपमुख्यमंत्री को दिया मांग पत्र



**अमलाई**। भारतीय जनता पार्टी मंडल बकहो के मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार दुबे ने जिला अध्यक्ष अमिता चपरा के मार्गदर्शन में सरकार से नगर परिषद बकहो में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग की है।दुबे ने उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला को दिए पत्र में बताया कि बकहो नगर परिषद की आबादी लगभग 30 हजार है और यह एक तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है। इसके बावजूद आज तक यहां कोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में स्थानीय लोगों को उपचार के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है।

## विद्यासागर के छात्रों ने देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी रंगारंग प्रस्तुतियां

### हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग के मनाया गया आजादी का 79 वां पर्व स्वतंत्रता दिवस

**बुढार** ।



अशासकीय विद्यासागर इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल में 79 वां स्वाधीनता दिवस पारम्पारिक हर्षोल्लास, उमंग और उत्साहपूर्वक मनाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्यातिथि नगर के वरिष्ठ नागरिक शील चंद्र जैन ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज को नमन करते हुए महात्मा गांधी, एवं अमर शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर परेड की सलामी ली। कार्याकम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ऋषि गंगाराम शुक्ला सुधेश जैन एवं छात्रों के अभिभावक, नागरिक उपस्थित रहे।

बैंड़ लीडर ओम गुप्ता एवं श्रेयांस गुप्ता के नेतृत्व आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति शैया मोगरे, आराध्या सिंह,कब्या मिश्रा, कुमोद शुक्ला, आराध्य कुशवाहा, पार्श्वी जैन एवं स्वागत भाषण आस्था सिंह ने प्रस्तुत किया जो आकर्षण का केंद्र रहा। तथा जूनियर क्लास के छात्रों के द्वारा डांस,पीटी डंबुल पीटी एक ताल में प्रदर्शन किया साथ ही विद्यालय परिवार के द्वारा अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया।

विधालय के प्राचार्य सुधेश जैन ने सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को नमन किया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का संचालन सालिहा परवीन, याचना सिंह ने किया।

## मऊ में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**ब्यौहारी**

जनपद पंचायत के अंतर्गत 14 अगस्त को मारवाड़ के नायक योद्धा दुर्गादास राठौड़ की 387 जयंती पर भव्य तिरंगा यात्रा मऊ से लेकर चिपाडनाथ तक निकाली गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी द्वारिका राठौर ने कहा कि हमें हर व्यक्ति तक स्वतंत्रता की अलग जगाना है हर व्यक्ति को समाज के मुख्य धारा में जोड़ना है गांव के हर मोहल्ले में सड़क और बिजली की समस्याओं को दूर करना होगा हर बच्चे के हाथ में कलाम होनी चाहिए यही हमारी असली आजादी होगी अभी देश को और भी विकास की बहुत जरूरत है इसके लिए देशवासियों को मिलकर काम करना होगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, सचिन सिंह मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र पटेल विक्रमादित्य गुप्ता, शशिकांत चतुर्वेदी, सरपंच जानकी राठौर, प्रसून सिंह सचिव, सहित हजारों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## ब्यौहारी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**ब्यौहारी**।

ब्यौहारी विकासखंड में हरसोलाश के साथ 79 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया मुख्य कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में हुआ जहां ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष आकांछी प्रीतू सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्र के विधायक शरद कोल, नरेंद्र सिंह धुर्वे एसडीएम, कल्पना यादव सीईओ, एसडीओपी, नगर परिषद अध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता राजन, संतोष शुक्ला, विनोद ताम्रकार,नीता साहू विधानसभा प्रतिनिधि, ब्रह्मानंद श्रीवास्तव बीईओ, डॉ निशांत सिंह परिहार सीबीएमओ, अरुण पांडे नगर निरीक्षक, मनोज केसरवानी, रितेश श्रीवास्तव,समीम खान सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सरोज पांडे एवं रवि द्विवेदी द्वारा किया गया।शासकीय महाविद्यालय में - पंडित राम किशोर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में ध्वाजारोहण प्राचार्य डॉ आरके तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## आबकारी अधिकारी ने देशी, विदेशी भंडागार में किया ध्वजारोहण, अमर शहीदों का किया स्मरण



**शहडोल**। जिला आबकारी 79 वां स्वाधीनता दिवस पांरम्पारिक हर्षोल्लास, उमंगमय और उत्साहपूर्वक मनाया गया।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिला आबकारी अधिकारी सावित्री भगत ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर देशी एवं विदेशी भंडागार में ध्वजारोहण किया।

स्वाधीनता दिवस कार्यक्रम में जिला आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी सुनील सिंह चंदेल, राजनीश त्रिपाठी, संदीप दुबे ने संयुक्त रूप राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी देकर राष्टगान किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य आराक्षक प्रकाश मरावी, सहेज सिंह,शोभारानी अजमीरे,शुशीला, भुषण मरावी,हीरा सिंह मरावी, रघुवंश शुक्ला राजेंद्र सिंह, गोपाल मरावी,बाबू लाल नापित,रजत, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में स्वतंत्रता दिवस समारोह केन्द्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया

**बिरसिहपुर पाली** ध्वाजारोहण कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री कैलाश चन्द्र साहू, महाप्रबंधक एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र नौरोजाबाद द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री निदानापु आर प्रसाद, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक जोहिला क्षेत्र नोरोजाबाद रहे। प्राचार्य श्री संतोष कुमार द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का विद्यालयी परंपरा के अनुसार पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की महत्ता, इतिहास और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं से ओत-प्रोत अपने सारगर्भित विचार सभी से साझा किये। संबोधन में राष्ट्र की उपलब्धियों, एकता के महत्व और भारत के भविष्य को आकार देने में युवा पीढ़ी की भूमिका पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा समूह गीत, समूह नृत्य, भाषण, कविता, देशभक्ति गीत, पिरामिड, योगा आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। आकर्षक प्रस्तुतियों को देखकर सभी दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक कुमार सिंह, अनुपम यादव और श्रवण कुमार प्रजापति ने एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री सुजीत कुमार पाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का अभूतपूर्व योगदान रहा।



## 15 अगस्त को भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

# जिले के पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान का वीरता पदक (गेलेन्ट्री मेडल) से हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान को 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में डॉ. मोहन यादव, माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन द्वारा वीरता पदक (गेलेन्ट्री मेडल) से सम्मानित किया गया। मोती उर रहमान, वर्ष 2023 में हॉक फोर्स, बालाघाट में कमाण्डेंट के पद पर पदस्थ रहे हैं। इस दौरान जिला बालाघाट के कान्हा वन क्षेत्र में भारी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी के संबन्ध में लगातार खुफिया जानकारियां प्राप्त हो रही थीं, इन खुफिया जानकारियों की पुष्टि करने के लिये कमान अधिकारी होंक मोती उर रहमान द्वारा विशेष आपरेशन समूह (एस.ओ जी.), बैहर को कान्हा वन क्षेत्र भेजकर माओवादियों की योजना के बारे में जानकारी जुटाई गई। मोती उर रहमान द्वारा प्राप्त खुफिया जानकारी की विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से क्रास चेक करने और कान्हा जंगल के कंडला फोरेस्ट गांव क्षेत्र में माओवादियों के छिपने के संभावित स्थानों की जानकारी एकत्र कर योजनबद्ध तरीके से पुलिस टीमों को दो भाग में विभाजित कर कडला फोरेस्ट गांव के आस-



पास के वन क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया। 22 अप्रैल 2023 के लगभग 03.00 बजे जब पुलिस टीमें कडला फोरेस्ट गांव से बालघा फोरेस्ट कैंप की ओर बढ़ रही थी, तो पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने पुलिस टीम पर अचानक भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस टीमों ने तत्काल, जो कोई भी कवर वहां मौजूद था, ले लिया और माओवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु माओवादियों द्वारा चेतावनी को नजरअंदार कर लगातार अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी और उन्होनें अपना निशाना सीधे चेतावनी वाले स्त्रोत की ओर मोड़ दिया था।

### अदम्य साहस का दिया था परिचय

कमान अधिकारी हॉक मोती उर रहमान द्वारा तत्काल स्थिति का आंकलन कर दोनों दिशाओं से माओवादियों की ओर आगे बढ़ने के लिये एक घात-रोधी युक्ति अपनाते हुए उपलब्ध पुलिस बल के साथ अदम्य साहस का प्रदर्शन कर अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने कवर से बाहर निकलकर बरसती हुई गोलियों की ओर रेंगते हुए आगे बढ़ने और गोलीबारी से बचते हुए अपनी जान को खतरे में डालकर जबावी गोलीबारी कर आगे बढ़ते हुए विलक्षण युद्ध-कौशल का प्रदर्शन किया गया। उक्त साहसिक रणनीतियों के परिणामस्वरूप 14-14 लाख रूपये के ईनामी 02 खूंखार माओवादियों को सफाया करने में सफलता प्राप्त की व उक्त मारे गये माओवादियों के कब्जे से घातक हथियार बरामद किए गए। इस आपरेशन में मोती उर रहमान, तत्कालीन कमाण्डेंट, हॉक फोर्स, बालाघाट द्वारा प्रदर्शित अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा वीरता पदक (गेलेन्ट्री मेडल) प्रदान किये जाने की अधिसूचना 14 अक्टूबर 2023 को जारी की गई थी। 15 अगस्त 2025, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित पदक अलंकरण समारोह में मोती उर रहमान, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन द्वारा पुलिस वीरता पदक (गेलेन्ट्री मेडल) से सम्मानित किया गया।

# बर्खास्त पुलिस उपनिरीक्षक 11 साल बाद हुये बहाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रामनगर थाने में पदस्थ पुलिस उपनिरीक्षक सतीश द्विवेदी को दुर्भावना वश झूठे प्रकरण में लोकायुक्त द्वारा ट्रैप करवाकर आरोपी बना दिया गया था, वर्ष 2013 के बाद ट्रायल कोर्ट ने महत्वपूर्ण बिंदुओं को नजर अंदाज करते हुए श्री द्विवेदी को दोषी माना था, इसके बाद पुलिस विभाग ने सतीश द्विवेदी को बर्खास्त कर दिया था। ट्रायल कोर्ट के आदेश और विभाग के आदेश की अपील श्री द्विवेदी ने उच्च न्यायालय जबलपुर में की थी और ग्यारह वर्ष पश्चात उन्हें झूठे प्रकरण से निर्दोष बताते हुए बरी कर दिया अप्रैल 2025 में उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में सभी गवाहों और दर्ज प्रकरण की सूक्ष्मता से सुनवाई की और पाया कि जिस प्रकरण में पैसा लेने का आरोप श्री द्विवेदी पर लगाया गया है वह प्रकरण उनके थाने क्षेत्र का था ही नहीं और उनके समक्ष जांच में भी नहीं था, उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद सभी संबंधित शाखा में पुनः सेवा में बहाल किए जाने हेतु दिए गए आवेदन पर चार माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर एक बार फिर श्री द्विवेदी को उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करनी पड़ी। 14 अगस्त को उच्च न्यायालय जबलपुर ने पुलिस महानिरीक्षक शहडोल




को निर्देश दिए हैं कि साठ दिवस के अंदर उनके सेवा बहाली के आवेदन पर कार्यवाही करें, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने बताया कि प्रत्येक शासकीय कर्मचारी का अधिकार है वह दोषमुक्त होने पर पुनः समस्त लाभों को प्राप्त करेगा, स्वयं को निर्दोष साबित करने के लिए विभाग के कर्मचारी का संघर्ष विभाग को समझना चाहिए और उसे त्वरित बहाली का आदेश दिया जाना चाहिए।

## जन्माष्टमी पर अमरकंटक में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अमरकंटक स्थित श्री नर्मदा मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज़ से आए भक्त माता नर्मदा के दर्शन और श्रीकृष्ण कन्हैया लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। नर्मदा उद्गम स्थल होने के कारण यह मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ी इस पवित्र नगरी में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जन्माष्टमी के अवसर पर अमरकंटक की पवित्र नगरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने इसे आध्यात्मिकता, भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का अद्वितीय संगम बना दिया।

## कोतमा पुलिस ने मोटर साइकल चोर गिरोह पकड़ा



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सुरी एवं एसडीओपी श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल ने थाना कोतमा की पुलिस टीम के साथ मोटर साइकल चोरी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर चोरी की 15 मोटर साइकल व 04 मोटर साइकल चेंचिस सहित कुल 19 मोटर साइकल बरामद करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। 08 अगस्त को फरियादी रमेश साहू पिता शुध्दू साहू निवासी बेलिया बड़ी की मोटर साइकल कोतमा बाजार से बत्तीस बंगला के पास से चोरी हुई थी जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतमा में अज्ञात चोर के विरूध्द अपराध क्रमांक 168/25 धारा 303 (2) ठछै पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। वाहन चोरी की इस घटना तथा पूर्व मे भी कुछ मोटर साइकल चोरी होनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोहदय अनूपपुर मोती उर रहमान ने पतारसी हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। अज्ञात चोर व चोरी की मोटर साइकल की पतासाजी करते हुए दिनांक 15 अगस्त को विश्वस्त मुखबिर की सूचना पर से सैफ अहद पिता मो0 हुसैन उम्र 24 साल निवासी फिल्टर टोला कोतमा को चोरी की मोटर साइकल स्प्लेन्डर प्लस के साथ पकड़कर उससे पूछतांछ की गई जिसने साथ ली हुई मोटर साइकल स्प्लेन्डर प्लस को दिनांक 08 अगस्त को कोतमा बाजार से अपने साथी सरफराज उर्फ सरफरोज निवासी धनपुरी तथा एक अन्य के साथ मिलकर चोरी करना, तथा मोटर साइकल की नम्बर प्लेट निकालकर उसमें दूसरी गलत नम्बर प्लेट लगाना बताया। साथ ही सख्ती से पूछतांछ करने पर आरोपी सैफ अहद ने बताया कि अपने साथी के साथ मिलकर पूर्व में कोतमा बाजार से ही अलग-अलग जगहों से 04 मोटर साइकल चोरी किया है जिसके इंजन व अन्य पार्ट्स निकालकर एलुमीनियम पार्ट्स एक बर्तन दुकान कोतमा मे तथा मोटर सायकल चेचिस 04 नग कबाड़ी बबलू उर्फ मुकेश जयसवाल निवासी मनमारी को बेचना बताया जिस पर बबलू उर्फ मुकेश जयसवाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोटर साइकल की चार चेचिस बरामद की गई है साथ ही बबलू उर्फ मुकेश जयसवाल के कबाड़ ठीहे बसखली, कोतमा पर खड़ी चार संदिग्ध मोटर साइकिलें जिनके कोई दस्तावेज आरोपी के पास नही थे उक्त चार मोटर साइकिलों को भी आरोपी बबलू उर्फ मुकेश जयसवाल के कब्जे से चोरी के संदेह में जप्त किया गया है। आरोपी सैफ अहमद ने पूछतांछ पर यह भी बताया कि उसका साथी राजेश जयसवाल निवासी जर्राटोला तथा सूरज केवट निवासी जर्राटोला भी पूर्व में कोठी बाजार (थाना बिजुरी) तथा कुछ अन्य जगहों से कुल 10 मोटर साइकिलें चोरी करके मेरे पास बेची थीं, जिनमें से मैने 07 मोटर साइकल घनपुरी के आटो डीलर मो0 कलाम उर्फ शारूफ को बेचा था तथा बेचने से मिले पैसे हमने बांट लियें थे। शेष तीन मोटर साइकिलें मैनें राजेश जयसवाल को वापस कर दी थी तथा। मेरे पास रखी है। इस जानकारी पर पुलिस टीम ने धनपुरी (जिला शहडोल) जाकर आरोपी मोह. कलाम उर्फ शारूफ पिता स्व. सकूर मोहम्मद निवासी रजा मोहल्ला धनपुरी को पकड़कर उसके कब्जे से 06 मोटर साइकिलें बरामद की है तथा 01 मोटर साइकिल की बरामदगी शेष है। आरोपी राजेश जयसवाल से 02 मोटर साइकल तथा सैफ अहद से भी पुनः 02 मोटर साइकलें जप्त की गई है। मामले के एक आरोपी सूरज केवट निवासी जर्राटोला की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार उपरोक्त आरोपियों के कब्जे से अभी तक चोरी की कुल 15 मोटर साइकलें तथा 04 मोटर साइकल चेचिस कुल कीमती लगभग 700000 लाख रूपयें की जप्त की जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय पेशकर पुलिस रिमांड लिया जा रहा है ताकि उनसे और भी पूछतांछ की जा सके। जप्तशुद्वा मोटर साइकिलों में से कुछ थाना क्षेत्र बिजुरी, थाना रामनगर क्षेत्र तथा थाना मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र का होना पता चला है। जिस पर उक्त थाना की पुलिस को भी सूचित किया गया है।

## अनुकम्पा नियुक्ति मामले में कलेक्टर, जिपं सीईओ, एवं पुष्पराजगढ़ सीईओ को हाइकोर्ट का नोटिस, एक माह में मांगा जबाब

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनुकम्पा नियुक्ति से जुड़े मामले में मध्य प्रदेश जबलुपर उच्च न्यायालय ने अनूपपुर जिले के कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पांडेय को नोटिस 13 सितंबर 25 तक के अंदर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिया हैं। मामला जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत खाल्हे दूधी का है जहां स्व. रामानंद चौकसे सचिव के पद पर वर्ष 2008 में नियुक्त हुए थे सेवाकाल के दौरान वर्ष 2013 में उनके निधन के पश्चात पुत्री रिया चौकसे ने स्व. पिता के स्थान पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन किया था जिस पर सीईओ जिला पंचायत ने पहले 21 मार्च 2023 को पिछड़ा वर्ग का पद रिक्त नहीं होने का कारण बताते हुए आवेदन निरस्त कर दिया था। फिर एमएम 28 मार्च 2025 को यह कहकर पुनः आवेदन निरस्त करते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी नियम 2011 के अनुसार अमेलन की कार्यवाही पूर्ण नहीं पाए जाने का कारण बताते हुए रिया चौकसे को पत्र प्रेषित किया, जिस पर रिया चौकसे ने जबलुपर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता दीपक कुमार पांडेय के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की जिस पर 14 अगस्त को बहस करते हुए अधिवक्ता ने न्योयलय को बताया कि पांच



वर्ष तक लगातार कार्यरत कर्मचारी के अमेलन की कार्यवाही और सेवा पुस्तिका के संधारण का दायित्व सीईओ स्तर का होता है। मप्र राजपत्र 11 जनवरी 2011 में इसके लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं, जिस पर हाइकोर्ट जबलपुर ने सभी अनावेदकों कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पांडेय को नोटिस जारी कर 13 सितंबर 25 तक जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिया हैं।

# जिला कांग्रेस में गुड्डू चौहान बनाये गये अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनूपपुर जिले सहित 71 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अनूपपुर जिले का नेतृत्व गुड्डू चौहान को सौंपा गया है। चौहान पहले युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। जिले में दोनों प्रमुख दलों के जिला अध्यक्ष युवा हैं। अनूपपुर जिला कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान स्नातक हैं और कॉलेज से ही



छात्र संगठन की राजनीति में सक्रिय रहे हैं। वह विभिन्न मुद्दों पर सरकार का विरोध करते रहे हैं। हर आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। चौहान राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा में भी हिस्सा लिया था। जब यात्रा मध्य प्रदेश के शिवपुरी-गुना से गुजर रही थी, तब वे राहुल गांधी के साथ चले थे। ज्ञात हो कि जिले में भाजपा ने भी युवा तुर्क हीरा सिंह श्याम को जिला अध्यक्ष का दायत्वि दिया था तभी से कायास लगाये जा रहे थे कि कांग्रेस भी जिले की कमान किसी युवा को दे सकती हैं और कांग्रेस ने भी युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए चौहान को यह जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं जिले में दो फांक में बटी कांग्रेस को नये जिला अध्यक्ष के लिए एक करने की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

## जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में डीवीएम पब्लिक स्कूल ने पाया दूसरा स्थान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** उत्कृष्ट विद्यालय के ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डीवीएम पब्लिक स्कूल ने जूनियर ग्रुप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नन्हे मुन्ने बच्चे आदिवासी गीत में नृत्य किए जो दर्शकों के मन को मोह लिए उनके सिर पर बंधे मोर के पंख अत्यंत सुंदर लग रहे थे। बच्चों ने जैसी मेहनत करके और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं काफी मेहनत के साथ बच्चों को तैयार किया विद्यालय की इस सफलता को जब डायरेक्टर डॉक्टर वाचस्पति कुलवंत ने सुना तो उन्होंने बच्चों को व शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन के कारण उन्होंने जिला में अपना दूसरा स्थान प्राप्त किया सभी मार्गदर्शी शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

# उमंग, उत्साह और उल्लास से मनाया गया अनूपपुर में स्वतंत्रता दिवस

### समारोह में प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने किया ध्वजारोहण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हमारा संयुक्त सामर्थ्य एवं योजनाबद्ध प्रयास मध्यप्रदेश की शक्ति और पूंजी है। अनूपपुर को विकसित जिला बनाने हेतु संकल्पना और योजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मध्य प्रदेश का लक्ष्य साकार करने हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''आत्मनिर्भर और विकसित भारत'' के विजन को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ''आत्मनिर्भर और विकसित मध्य प्रदेश'' का जो रोड मैप बनाया है, उससे निश्चित ही प्रदेश प्रगति के नए अध्याय लिखेगा। प्रभारी मंत्री अहिरवार जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री अहिरवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मध्य प्रदेश का लक्ष्य साकार करने के लिए विकसित जिले की संकल्पना और योजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे जिले की अपनी क्षमताएं, आकांक्षाएं, अवसर और चुनौतियां हैं, जो अनूपपुर जिले को विशेष बनाती है। उन्होंने कहा कि हम अनूपपुर जिले को समृद्ध, संपन्न एवं वैभवशाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अनूपपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह एवं सहायता योजना, लाडली बहना योजना एवं उसके उद्देश्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, अनूपपुर जिले में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, जिले के गरीब परिवारों को शासन की खाद्यान्न पात्रता पर्ची, सिंचाई सुविधा, रोजगार मेला, जल गंगा संवर्धन अभियान के उत्कृष्ट कार्य, सिकल सेल एनीमिया से सुरक्षा एवं बचाव, जिले में नर्मदा परिक्रमा पथ विकास कार्यक्रम सहित अनूपपुर जिले में सुशासन एवं कागज रहित कार्यालय संचालन व्यवस्था के अंतर्गत ई-ऑफिस प्रणाली का जिले के समस्त कार्यालय में संचालन, शासकीय कर्मियों की कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु ई-अटेंडेंस व्यवस्था का नवाचार सहित अन्य विभिन्न उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी देते हुए अनूपपुर जिला प्रशासन की सराहना की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का हितलाभ डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके लिए नवीन आधार कार्ड निर्माण एवं अपडेशन हेतु जिले के कलेक्टर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के वार्डों में विशेष कैंप लगाया जाकर कैंप स्थल पर नवीन आधार कार्ड निर्माण एवं अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश के सपने को साकार करने का मार्ग जिलों से ही गुजरता है। इसके लिए संकल्प लेकर हमारा जिला विकसित और आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की आधारशिला बनेगा।



### उत्साहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

अनूपपुर जिले में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। अनूपपुर जिला मुख्यालय पर उमंग, उत्साह, उल्लास से भरे गरिमामय जिला स्तरीय मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने ध्वजारोहण किया और सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन के सीधा प्रसारण को एलईडी के माध्यम से देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, प्रभारी पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, नगरपालिका अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम सहित अमर शहीदों के परिजन तथा लोकतंत्र सेनानी मूलचंद्र अग्रवाल, घनश्याम दास गुप्ता, चंद्रशेखर चतुर्वेदी, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, विद्यार्थी व इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत के मीडिया अधिकारी अमित श्रीवास्तव एवं शासकीय हाईस्कूल मौहरी की प्राचार्य श्रीमती लतिका श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य समारोह में विशेष सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी (एस.ए.एफ.) एफ कम्पनी सागर कैम्प चचाई, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, एनसीसी जूनियर शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि., स्काउट गाइड सीनियर शा. मॉडल. उ.मा.वि. अनूपपुर, स्काउट गाईड सीनियर शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाईड जूनियर शा. कन्या उ.मा.विद्यालय अनूपपुर, जूनियर रेडक्रास शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाइड जूनियर सरस्वती उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, रेडक्रास दल जूनियर शा. कन्या उ.मा. विद्यालय अनूपपुर, शौर्या दल तथा पुलिस बैंड दल ने मार्च पास्ट किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उत्कृष्ट परेड प्रस्तुत करने वाले दलों को कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया। परेड सीनियर में जिला पुलिस बल (पुरुष) को प्रथम, विशेष सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी (एस.ए.एफ.) एफ कम्पनी सागर कैम्प चचाई को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल (महिला) को तृतीय पुरुस्कार दिया गया। परेड जूनियर में स्काउट गाइड जूनियर सरस्वती उ.मा. विद्यालय अनूपपुर को प्रथम, स्काउट गाईड जूनियर शा. कन्या उ.मा.विद्यालय अनूपपुर को द्वितीय तथा स्काउट गाइड सीनियर शा. मॉडल. उ.मा.वि. अनूपपुर को तृतीय पुरुस्कार दिया गया। मार्च पास्ट परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे व सेकण्ड इन कमाण्डर सूबेदार अम्ब्रीस कुमार साहू के नेतृत्व में हुई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरुस्कृत

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ दीं। जिनमें सरस्वती उ.मा.वि. अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''जयतु जयतु भारतम', बाल भारती पब्लिक स्कूल जैतहरी के विद्यार्थियों ने ''भारत-हर दिन एक उत्सव'', नेहरू बाल निकेतन हाईस्कूल अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''वंदे मातरम मिक्स'' और डी.वी.एम. पब्लिक स्कूल अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''जंगल रखवाला रे'' गीत पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी प्रकार शा. मॉडल उ.मा.वि. अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''वंदे मातरम', शा. कन्या उ.मा.वि. अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''म्हारो मध्यप्रदेश'', शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''भारत वंदना'', शा. एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''आया रे तूफान'' तथा शा. कन्या शिक्षा परिसर उ.मा.वि. अनूपपुर के विद्यार्थियों ने ''भवानी के वीरों'' गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बाँध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। जूनियर वर्ग में बाल भारती पब्लिक स्कूल जैतहरी को प्रथम, डी.वी.एम. पब्लिक स्कूल अनूपपुर को द्वितीय तथा सरस्वती उ.मा.वि. अनूपपुर को तृतीय पुरुस्कार दिया गया। सीनियर वर्ग में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उ.मा.वि. अनूपपुर को प्रथम, शा. कन्या उ.मा. विद्यालय अनूपपुर को द्वितीय एवं शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर को तृतीय पुरुस्कार दिया गया।










